कोविड-19 से बचाव के लिए प्रोटेक्शन किट का वितरण

चक्रधरपुर : प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चक्रधरपुर के नेतृत्व में प्रदान संस्था ने कोविड-19 से बचाव के लिए प्रोटेक्शन किट यानी मास्क, हैंड ग्लव्स, हेयर कवर, सैनिटाइजर और पी पी ई कीट के द्वारा फ्रंटलाइन विभाग यानी अनुमंडल प्रशासन, हॉस्पिटल वर्कर, पुलिस ऑफिसर एंड ग्राउंड फोर्स को सहायता की है. प्रदान संस्था प्रखंड के दिशा निर्देश के अनुसार गांव गांव में पंचायत प्रतिनिधि के साथ मिलकर गरीब परिवारों को इस लॉक डाउन में कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करना, सामाजिक दूरी बनाने और अति गरीब के लिए सूखा राशन पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. जागरूकता कार्यक्रम गांव गांव में पहुँचाने के लिए सभी प्रखंड में माइक तथा फ्लेक्स के साथ दो दो ऑटो 4 अप्रैल से लगातार कार्यरत है. प्रदान संस्था पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव, सोनुआ, चक्रधरपुर, टोंटो, हटगम्हरिया प्रखंड में लगभग 200 गांव में कुल 500 एन-95 मास्क, 25000 सर्जिकल मास्क, 500 ग्लव्स, 500 हेयर कवर, 20 पी पी ई किट, 300 लीटर हैंड सैनिटाइजर, 15000 साबुन तथा 4300 अति गरीब परिवार को सूखा राशन किट जैसे चावल, आलू, दाल, सरसो तेल, हल्दी, नमक इत्यादि के द्वारा सहयोग कर रही है. इस प्रयास के लिए संस्था ने अजीम प्रेमजी फिलंथरोपिक इनीशियेटिव से वित्तीय सहायता लिया है. इस अवसर पर प्रदान के पदाधिकारी मौजूद थे जिसमें तारक नाथ दास,शहाबुद्दीन, दीपशिखा, अर्जुन, संजीव साहु आदि उपस्थित थे.